खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण



**मैहर।** एसडीएम सुरेश जाधव द्वारा शासकीय स्कूलों का दौरा किया गया। जिसमें मुख्य तौर पर प्रशासन से स्कूली छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया गया। दौरे में पुरानी बस्ती के प्राथमिक विद्यालय और वार्ड 11 के शासकीय विद्यालय बरम बाबा स्कूल का निरीक्षण किया गया। जिसमें दोनों ही विद्यालयों में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता विहीन पाए जाने पर बेन्डर को नोटिस जारी किया गया। साथ ही स्कूल से हाजिरी लगा कर अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों को श्री जाधव के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### राज्य सभा के सभापति का मजाक उड़ाने पर राहुल गांधी का जलाया पुतला

**मैहर।** टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी मंगलवार को अचानक सुर्खियो में आ गए जब उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो में वह राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड की नकल करते हुए उनका मजाक उड़ाते हुए दिख रहे है। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी श्री बनर्जी का वीडियो बना रहे थे जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश व्यापत है। इसी घटना को लेकर मैहर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियो के द्वारा घंटाघर में राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी का विरोध प्रदर्शन करते हुए उनके खिलाफ नारे बाजी की गई और शहर के मुख्य चौराहे में पुतला दहन किया गया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से धीरज पाण्ड सांतनु तिवारी,कमलेश सोनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नादन थाना के कनियारी मोड के पास हुआ हादसा,बेकाबू बस खेत में जा घुसी

# तेज रफ्तार बस ने मां बेटे को मारी टक्कर, दोनों की दर्दनाक मौत



सतना। मैहर के निकट नादन थाना क्षेत्र के कनियारी मोड के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बस ने मां बेटी की जान ले ली। बस इतनी तेज रफ्तार से जा रही थी कि मां बेटे को टक्कर मारने के बाद वह खेत में जा खुशी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मां बेटे के शव को अस्पताल पहुंचाया जहां पर दोनों का पोस्टमार्टम शनिवार को किया जाएगा।

पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है घटना की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक नादन थाना क्षेत्र के कनियारी मोड़ के पास हादसा उस वक्त हुआ जब एक बेटा अपनी मां को मोटर साइकिल से कहीं ले जा रहा था। बताया जाता है कि वह रास्ते में जब बाइक रोक कर उतरा इस दौरान सामने से तेज रफ्तार आ रही बस ने मां बेटे को टक्कर मार दिया जहां मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इतना ही नहीं तेज रफ्तार बस की चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस खेत में जा पलटी।



# मझगवां में इस माह पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती नहीं कराए गए बच्चे

**सतना।** चित्रकूट के मझगवां क्षेत्र को कुपोषण से मुक्त करने के लिए जारी प्रयास में सरकारी हमला अभी भी लापरवाही बरत रहा है। हालत यह है कि पोषण पुनर्वास केंद्र मझगवां में इस माह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चे भर्ती नहीं कराए गए हैं। जिसकी वजह से पुनर्वास केंद्र के बैड खाली पड़े हैं। इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी ने परियोजना अधिकारी को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि इस महीने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषित बच्चे भर्ती नहीं कराए गए हैं जिसकी वजह से केंद्र के बेड खाली हैं। पत्र में कहा गया है कि बच्चों को भर्ती कराया जाए ताकि विकासखंड को कुपोषण से मुक्त किया जा सके। आपको बता दें कि भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक देश को कुपोषण मुक्त करने का लक्ष्य रखा है पर मध्य प्रदेश सरकार ने तो जैसे राज्य के माथे से कुपोषण का कलंक मिटने न देने की कसम ले रखी हैं। जहाँ राज्य में पहले ही 10 लाख से ज्यादा कुपोषित बच्चें दर्ज हैं,वहीं सतना जिले के मझगवां क्षेत्र में कुपोषण है। मझगवां विकासखण्ड अंतर्गत चित्रकूट नगर परिषद के वार्ड 13-पथरा के ग्राम सुहागी के आदिवासी बस्ती सुरंगी टोला से महीनों पहले कुपोषण का मामला सामने आया था। जहाँ सात साल की बच्ची इतनी कमज़ोर थी की वो ठीक से चल तक नही पा रही थी। कुपोषित मासूम का मामला मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा और सरकारी तंत्र पर सवाल खड़े हुए तो प्रशासन में हड़कंप मच गया था। इसके बाद जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आया और आनन फानन में मामले में संज्ञान लिया था महिला एवं बाल विकास ने एक टीम कुपोषित बच्ची के घर पहुंचाई गई थी। मासूम को जिला अस्पताल में गहन इकाई शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया था। गौरतलब है कि चित्रकूट के मझगवां क्षेत्र में पहले भी ऐसे कई मामले आ चुके हैं।



# घुनवारा पंचायत में डैम के निर्माण में चल रही मनमानी



### पंचायतों में चल रहे घटिया कार्यो से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त

**मैहर।** मैहर जनपद पंचायत में अधिकारियों एवं जनप्रतिधियों की मिलीभगत घटिया कार्य कराए जा रहे हैं और इसकी शिकायतें की जाती है तो रद्दी की टोकरी में फेंक दिए जाते हैं।जिसकों लेकर ग्रामीणों के द्वारा कई बार सतना जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया गया था मगर कोई कार्यवाही न होने पर मैहर जनपद पंचायत में अधिकांश कार्य भ्रष्टाचार की बलि में चढ़ चुके है। इसी प्रकार से घुनवारा ग्राम पंचायत में जल संसाधन विभाग के द्वारा निर्माण कराए जा रहे डैम में निर्माण एजेंसी के द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जहां पर डैम का निर्माण कराया जा रहा है वहां पर निर्माण एजेंसी के द्वारा निर्माण स्थल पर सूचना पटल तक नहीं लगाया गया जिससे डैम निर्माण कार्य की अनुमानित लागत अन्य जानकारियां आम जनता को मालुम हो सके। बोर्ड न लगाने से डैम कितनी लागत से,समय सीमा सहित अन्य जानकारी लोगों को नही मिल पाती है।

# मैहर सिविल अस्पताल में लगता है आवारा पशुओं का जमघट




### अस्पताल में भर्ती मरीजों की सुरक्षा चलती है राम भरोसे, ठेकेदार लापता


**मैहर।** मैहर अस्पताल कहने को तो जिला अस्पताल बन गया है और यहां पर सभी सुविधाएं मरीजों को देने की बात कही जाती है,मगर देखा जाता है कि सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण रात के समय ओपीडी में आवारा पशुओं का जमघट लगता है तो कौन कह सकता है कि मरीज और उनके परिजन सुरक्षित रहते होंगे। बीती रात के सयम जब कुछ लोग मरीज को लेकर गए तो वहां का हाल देखकर दंग रहे गए। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं है जिसके कारण अस्पताल परिसर में आवारा पशुओं का संरक्षण केंद्र बना हुआ है। बताया जाता है कि यहां पर कामथेनु सिक्योरिटी कंपनी का ठेका कई सालों से चल रहा है,लेकिन खासकर रात्रि के समय कभी सुरक्षा गार्ड नहीं दिखते हैं और इसका वेतन लगातार मिलता रहता है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण कई बार मरीजों का सामान गायब हो जाता है मगर कोई सुनने वाला नहीं है। स्थानीय लोगों ने जिला चिकित्सा अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि मैहर सिविल अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर सिक्यूरिटी का जिम्मा किसी और को दिया जाए जिससे रात को सोते समय मरीज और उनके परिवार सुरक्षित रह सके।

# मांगे न मानने पर सफाई कर्मियों की अनिश्चतकालीन हड़ताल जारी

### नगर पालिका परिषद की बैठक संपन्नः छाया रहा सफाई एवं प्रकाश का मुद्दा

**मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर की लंबे अंतराल 6 माह के पश्चात परिषद की बैठक पालिका के सभागार में हुई जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोनी की अध्यक्षता एवं सीएमओ श्री ताम्रकार के अलावा उपयंत्री एवं विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारी,कर्मचारियों के अलावा नपा उपाध्यक्ष शीतल ताम्रकार,ललिता चौरसिया,संतोष चौरसिया,रवि सर्राफ,अशोक चौबे,मंजू गुप्ता सहित उपस्थित परिषद के सम्मेलन में सर्वाधिक एजेंण्डों पर चर्चा होने से पूर्व एक घंटे तक पूरा सदन हंगामा से गूंजता रहा। कोई भी पार्षद किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। इस अवसर पर सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था प्रमुख मुद्दे छाए रहे। कारण यह था कि पालिका प्रशासन के सीएमओ के निर्देश के बावजूद भी सफाई कर्मी अपना आधार कार्ड कार्यालय में जमा करने को तैयार नहीं थे और लगभग 15 लोगों ने ही जमा किए जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सफाई कर्मियों को वेतन देने से साफ इंकार कर दिया। नतीजा यह हुआ कि परिषद की बैठक के बावजूद सफाई कर्मियों की 13 सूत्रीय मांगों को पूर्व में परिषद के द्वारा एवं सीएमओं के द्वारा निराकरण की बात कही गई थी परन्तु दो माह से वेतन न मिलने को लेकर स्वीपरों ने भी ठान ली है और सफाई व्यवस्था अनिश्चत कालीन के लिए शुक्रवार 22 दिसंबर से पूर्णतः हड़ताल पर चले गए है। उनकी मांग है कि हमें 13 सूत्रीय मांगों का निराकरण जो पूर्णतः नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ के द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया था परन्तु उक्त निराकरण 6 माह के बाद भी निराकरण न होने के बाद आज से अनिश्चितकालीन सफाई व्यवस्था ठप्प कर दी गई है। इस संबंध में कोई भी जिम्मेदार न तो प्रभारी न ही पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ सफाई कर्मियों की हड़ताल के बारे मे जानने के लिए मौके पर कोई भी नहीं पहुंचे इससे हड़ताल जारी है। मैहर नगर के 100 से ज्यादा सफाई कर्मचारी सुबह से ही हड़ताल पर रहे। जिसकी वजह से नगर में सफाई व्यवस्था ठप्प रही। जिसके चलते चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा रहा और लोगो को अच्छी खासी परेशानी का समना करना पडा। जिसके बारे में बताया गया कि नगर पालिका केद्वारा विगत तीन माह से सफाई कर्मचारीयों का भुगतान न किया जा रहा है जिसकी वजह से आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने एक साथ नगर पालिका के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए काम बंद कर हड़ताल कर दी गई। जिसके बाद नगर पालिका अधिकारी को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।





### सुशासन दिवस पर शासकीय कार्यालयों में ली गई सुशासन की शपथ

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 22 दिसंबर को सतना और मैहर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। जिला मुख्यालय सतना के कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। इसी प्रकार मैहर जिला मुख्यालय में कलेक्टर रानी बाटड ने कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। जिला मुख्यालयों के साथ-साथ जनपद और नगरीय निकाय मुख्यालयों एवं सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ ली गई। एसडीएम कार्यालय अमरपाटन में एसडीएम आरती यादव,एसडीएम कार्यालय मैहर में एसडीएम सुरेश जादव,जनपद पंचायत रामनगर में सीईओ जनपद एमएल प्रजापति सहित अन्य जनपद और नगरीय निकाय के कार्यालयों में सुशासन की शपथ विभाग प्रमुखों द्वारा दिलाई गई।

# जिले में जीर्ण-शीर्ण भवन वाले 20 मतदान केन्द्र के स्थल बदले जायेंगे

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में जीर्ण-शीर्ण भवन वाले 20 मतदान केन्द्रों को परिसर में नवनिर्मित अन्य भवनों में परिवर्तित किया जायेगा। शुक्रवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार की अध्यक्षता में संपन्न राजनैतिक दलों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में इस बात का अनुमोदन किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 5 जनवरी तक पूर्व तैयारी के रूप में नामावली/इपिक की विसंगतियां दूर की जा रही हैं और निर्वाचक नामावली में धुंधली,खराब,गुणवत्ता की फोटो हटाकर अच्छी गुणवत्ता की फोटो लगाने का कार्य जारी है। एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी शनिवार को किया जाएगा। इसके साथ ही दावा-आपत्ति लेने का काम शुरू होगा,जो 22 जनवरी 2024 तक चलेगा। जनवरी माह में 13 और 20 तारीख को विशेष कैम्प होगें। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी 2024 तक किया जाकर 8 फरवरी को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके अलावा जिले में 20 मतदान केन्द्रों का भवन जर्जर और जीर्ण-शीर्ण होने पर उनके पास ही नवनिर्मित भवन में मतदान केंद्र स्थानांतरित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इनमें चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्र 17 गोपालपुर को माध्यमिक शाला के स्थान पर शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर,53 साडा को शासकीय प्राथमिक शाला के स्थान पर शासकीय माध्यमिक शाला साडा,245 करौंदी खुर्द को शासकीय माध्यमिक शाला करौंदी खुर्द के स्थान पर शा.माध्य.शाला करौंदी कला,रैगांव विधानसभा के 3 मतदान केंद्र 114 बचबई को शा.प्रा.शाला स्थान पर ग्राम पंचायत भवन बचवई,125 बराकला को प्रा.शा.बराकला पू.के स्थान पर मंगल भवन बराकला,258 बठिया कला को शा.प्रा.शाला बठिया कला के स्थान पर शा.माध्य.शाला बठिया कला,सतना विधानसभा में 110 रेल्वे कॉलोनी सतना नगर को शा.प्राथमिक स्कूल पश्चिम मध्य रेलवे पूर्वी भाग के स्थान पर रेल्वे मनोरंजन सदन मध्य रेलवे में स्थानांतरित करने का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार अमरपाटन विधानसभा में दो मतदान केंद्र 75 डोमा को शा.पूर्व मा.शाला डोमा के स्थान पर ग्राम पंचायत भवन डोमा,133 परसिया को शा.प्रा.शाला परसिया की जगह ग्राम पंचायत भवन परसिया करने का प्रस्ताव किया गया है।

मैहर विधानसभा के 8 मतदान केन्द्रों के भवन बदलेंगे

विधानसभा क्षेत्र मैहर में 21 गुगड़ी को प्राथमिक शाला के स्थान पर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-1 गुगड़ी, 81 पोड़ी को प्रा.शाला निमूहा की जगह सामुदायिक भवन निमूहा,86 पटेहरा को प्रा.शाला पटेहरा की जगह आंगनबाड़ी केन्द्र,120 मैहर को शिक्षा गारंटी देवधरा से कार्यालय मृदा परीक्षण केन्द्र,122 मैहर को शिक्षा गारंटी देवधरा की जगह कृषक सेवा केंद्र मैहर,127 घुरपुरा को प्रा.शाला घुरपुरा से शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन बस्ती मैहर,134 डोलनी को प्राथमिक शाला डोलनी से सामुदायिक भवन डोलनी और 260 लटागांव को शासकीय प्राथमिक शाला डोगरी टोला से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटागांव स्थानांतरित करने का प्रस्ताव अनुमोदित कर भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। बैठक में राजनैतिक दलों के रामकुमार विश्वकर्मा,राजाराम भारती,विनोद अग्रवाल,इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## यह कैसी दास्ता अभी तो धान 2183 समर्थन मूल्य में की जा रही खरीदी

# किसानों को 3100 रूपये में समर्थन मूल्य धान खरीदी की बात संकल्प पत्र में कही गई वहीं क्रियान्वयन आज तक नहीं

पन्ना। सत्ता रूढ़ दल की सरकार तो कायम हो गई वहीं किसानों के लिए 2700 रूपये क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य तथा धान के समर्थन मूल्य को लेकर 3100 रूपये की बात जो किसानों के लिए खुश खबरी के लिए संकल्प पत्र में जो वादा किया गया आखिर उसको लेकर क्रियान्वयन कब तय होगा।



एक तरफ जहां धान खरीदी वर्तमान समय में जो हो रही है यहां 2183 रूपयें समर्थन मूल्य में ही किसानों की धान जमा कराई जा रही है। सपने तो 3100 रूपये के पर सकार कब होगें। क्या लोकसभा चुनाव के बाद 3100 रूपये का वादा पूरा होगा। यह हालात किसानों को खुश खबरी की जगह अभी भी वादा ही रह गया। देखना यह है कि किसानों की फसल धान की तो अभी बेचना मजबूरी है। फिर क्या अगले वर्ष 3100 रूपये का समर्थन मूल्य का इंतजार होगा। जहां किसान कर्ज लेकर कृषि कार्य की दिशा तय करते है। वहीं कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए सरकार के द्वारा वादा किया जाता है हम किसानों के साथ है चुनाव के पूर्व संकल्प पत्र के रूप में 3100 रूपयें में धान खरीदी तथा 2700 रूपये क्विंटल गेहूं खरीदने का समर्थन मूल्य कब लागू होगा। जो अपने आप में बड़ा सवाल है यहां एक बार फिर कथनी और करनी को लेकर तरह-तरह की चर्चायें किसानों की बीच व्याप्त है। आखिर कब मिलेगा किसानों धान के समर्थन मूल्य की कीमत 3100 रूपये वहीं रवि फसल में भी गेंहू की फसल को लेकर भी यह 2700 का सपना ही रह जायेगा। क्विंटल के रूप में। तभी तो किसान सरकार की घोषणाओं को लेकर हरदम घोषणा ही मानते है आखिर यह कैसा संकल्प पत्र एक तरफ बात की जाती है मोदी की गारंटी की फिर यहां कैसे गारंटी यह संकल्प पत्र जो चुनाव के पूर्व किसानों के लिए खुश खबरी तय कर रहा था। वह आज भी सपने में कब लागू होगा कुछ कह पाना कठिन है।इन हालातों में किसानों के साथ सरकार की कार्यप्रणाली कैसी मानी जाये। वहीं कृषि लाभ का व्यवसाय की दिशा तय करने में सरकार कैसे किसानों के साथ है। सच्चाई अभी भी बांकी है।

## खबर संक्षेप

### टीएल बैठक 26 दिसम्बर को

**पन्ना।** आगामी 26 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक होगी। बैठक में गत नवम्बर माह की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग सहित टीएल व जनसुनवाई, स्वामित्व योजना एवं पीएम किसान की ई-केवायसी, आगामी 6 जनवरी से प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर दावा-आपत्ति की तैयारियों तथा उपार्जन कार्य की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा संबल, आयुष्मान एवं उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा सहित अन्य एजेण्डा पर भी चर्चा होगी।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक 27 दिसम्बर को

**पन्ना।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा सहित समूह व एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं के प्रगति और शालाओं व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा भी की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला 26 दिसम्बर से

**पन्ना।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 26 से 30 दिसम्बर तक सभी विकासखण्ड में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। मेले में सुरक्षा जवान की भर्ती होगी। जनपद पंचायत के बीआरसी भवन में रोजगार कैंप आयोजित होंगे। 26 दिसम्बर को गुनौर, 27 दिसम्बर को पवई, 28 दिसम्बर को शाहनगर, 29 दिसम्बर को अजयगढ़ और 30 दिसम्बर को पन्ना विकासखण्ड में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। गुनौर के लिए रावेन्द्र सिंह, पवई के लिए दिनकर प्रसाद गर्ग, शाहनगर के लिए पुष्पेन्द्र सिंह परमार, अजयगढ़ के लिए बलभद्र द्विवेदी और पन्ना विकासखण्ड के लिए विवेक कुमार मिश्रा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। रोजगार मेले में एजिल सिक्योरिटी फोर्स ट्रेनिंग एकेडमी के अधिकारी साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के लिए युवाओं का चयन करेंगे।

### केन्द्रीय दिव्यांग छात्रावृत्ति के लिए करें आवेदन

**पन्ना।** भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राष्ट्रीय छात्रावृत्ति पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के छात्र वृत्ति के ऑनलाइन पंजीयन विगत एक अक्टूबर से प्रारंभ है, जिसके तहत प्री-मैट्रिक छात्रावृत्ति योजना में अब ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा में बढ़ोत्तरी कर अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है, जबकि पोस्ट मैट्रिक और भारत सरकार द्वारा चिन्हित संस्थाओं में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए टॉप क्लास छात्र वृत्ति के ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि यथावत 31 दिसम्बर तक निर्धारित है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शासन स्तर से अंतिम तिथि के पूर्व अधिक से अधिक दिव्यांग विद्यार्थियों के छात्र वृत्ति आवेदन राष्ट्रीय छात्र वृत्ति पोर्टल पर कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) प्राचार्य और सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचित किया गया है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा में पूर्ण कराये जाने को लेकर दिया गया जोर

### नपा अध्यक्ष द्वारा नगर के निर्माण कार्यो की समीक्षा

**पन्ना।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर श्रीमती मीना पाण्डेय जी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पन्ना एवं शषि कपूर गढ़पाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा ठेकेदारो की आज दिनांक 22.12.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे से समीक्षा बैठक लीगई। जिसमें शहर में प्रगतिरत निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें निर्माण कार्य को गुणवत्ता सहित समय सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु ठेकेदारों को निर्देषित किया गया एवं जो कार्य ठेकेदारों द्वारा पूर्ण नही किये गये है उनके संबंध में ठेकेदारों को



कार्य समय में पूर्ण करने हेतु निर्देषित किया गया, साथ ही जिन ठेकेदारो की प्रगति समीक्षा में संतोषजनक नही पाई गई उन्हे नोटिष जारी किये जाने के निर्देष मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अध्यक्ष महोदया द्वारा बैठक में दिये गये एवं नोटिष उपरांत भी कार्य/प्रगति संतोषजनक नही पाये जाने पर निर्माण कार्य को नियमानुसार कार्यवाही कर निरस्त किये जाने हेतु प्रस्तावित किया जावेगा के संबंध में ठेकेदारों को अवगत कराया गया। बैठक में प्रभारी सहायक यंत्री श्री सुरेष कुमार साहू एवं उपयंत्री लोकेन्द्र सिंह उपस्थित रहें।

# सांसदों के निलंबन को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया प्रदर्शन

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** भाजपा की अंहकारी केन्द्र सरकार द्वारा विपक्षीय दल के लगभग डेढ सैकडा सांसदो को संसद की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है। क्योकि उक्त सांसदो द्वारा संसद मे हुए घटनाक्रम को लेकर सुरक्षा तथा अन्य उपायो के संबंध मे सरकार से जवाब मांगा जा रहा था। लेकिन सरकार द्वारा जवाब नही दिया गया, बल्की जवाब मांगने वाले 150 सांसदो को निलंबित कर दिया गया। उक्त घटना क्रम को लेकर पूरे देश मे केन्द्र सरकार के विरोध मे कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इसी कडी मे जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष शिवजीत सिंह के नेत्रत्व मे कलेक्टर कार्यालय के सामने लगभग दो घंटा भारी संख्या मे उपस्थित कांग्रेसीयो ने प्रदर्शन किया तथा सांसदो को संसद मे कार्यवाही मे शामिल होने के लिए बहाल करने की मांग की गई। तत्पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया। उक्त ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि यदि जल्द ही बहाली नही की गई तो उग्र आन्दोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालो मे भारी संख्या मे पार्टी के लोग शामिल रहे। जिसमे मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान, पिछडा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष राज बहादुर पटेल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष कदीर खान, ब्लाक अध्यक्ष अक्षय तिवारी, धरमपुर ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र लोध, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश जाटव, नगर पंचायत अमानगंज के उपाध्यक्ष सौरभ दुबे, मुरारी लाल थापक, महामंत्री दीपचन्द्र अग्रवाल, जगतपाल सिंह, पुरषोत्तम जडिया, चतुरेश अहिरवार, बलिराम त्रिपाठी, सरदार यादव, वैभव थापक, सौरभ पटैरिया, भूपेन्द्र सिंह परमार, प्रभू पटेल, शशिकांत दीक्षित, राकेश गर्ग, कल्लू पान्डेय, राम किशोर मिश्रा, केशरी अहिरवार, दीपक तिवारी, रियासत खान, मानवेन्द्र यादव, जगदीश पटेल, कृष्ण कुमार अभिषेक चौरसिया, प्रकाश साहू, राम निवास पान्डेय, उदयभान सिंह, रहिमा खातुन, रामदास जाटव, रवी सिंह ठाकुर, श्रीमती पूनम मिश्रा, विजय शंकर गर्ग, धूराम चौधरी, राजेश्वर हलधर, गुड्डा खान, सोनू मिर्जा, किशोर अहिरवार, रवेन्द्र मिश्रा, कमल सिंह, दिनेश पान्डेय, प्रहलाद यादव, अमित कुशवाहा, रवी तिवारी, भोले साहू, भूपेन्द्र सिंह बुन्देला, बृजेन्द्र सिंह, विजय सिंह, राजा बाबू पटेल, नरेन्द्र विश्वकर्मा, मौसम हुसैन, हिमांशू गोस्वामी, हिम्मत बागरी, रामकरण पान्डेय सहित भारी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहें।



# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब का परिवहन करने वाले 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** आरोपी के कब्जे से अवैध शराब 350 क्वार्टर मात्रा करीब 63 लीटर कीमती करीब 36300 रूपये, एवं घटना में उपयोग की गई मोटर साइकिल कीमती करीब 50 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 86300 रूपये का जप्तपुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक अनीता कुडापे के ने तृत्व में चौकी प्रभारी हरदुआ उनि सुयश पाण्डेय द्वारा क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 21.12.2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिजवार में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से प्लास्टिक की




बोरी में अवैध शराब लेकर आ रहा है। चौकी प्रभारी हरदुआ उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर वाहन चेकिंग लगाई गई । चौकिंग के दौरान मौके पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखा जो एक सफेद रंग की बोरी मोटर साइकिल की टंकी पर रखे दिखा। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को रोके जाने पर वह भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूँछे जाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम शैलेन्द्र सिंह परमार पिता हरिप्रताप सिंह परमार निवासी बिजवार का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के कब्जे में मोटर साइकिल में रखी बोरी को चेक किये जाने पर बोरी में कुल 7 पेटी 350 क्वार्टर मात्रा 63 लीटर अवैध शराब कुल कीमती 36300 रुपए एवं घटना में प्रयोग की गई मोटर साइकिल एच.एफ. डीलक्स कीमती करीब 50 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 86300 रूपये की जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना सिमरिया में आबकारी एक्ट का अप.क्र. 491/23 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक अनीता कुडापे, चौकी प्रभारी हरदुआ उप निरीक्षक सुयश पांडेय, उप निरीक्षक सुशील शुक्ला,सउनि विजय गर्ग, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह, अश्वनी सिंह, महिला आरक्षक पप्पी सोलंकी, रश्मि त्रिपाठी ,एसडीओपी कार्यालय से प्रआर अजय मिश्रा एवं कृष्ण कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# राजनैतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की गतिविधियों से अवगत कराने तथा मतदान केन्द्रों के नाम और एक परिसर में स्थापित भवनों के परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की बैठक हुई। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संघ प्रिय ने बैठक में उपस्थितजनों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। साथ ही आयोग द्वारा युक्तियुक्तकरण कार्यवाही निरस्त करने के उपरांत आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अब केवल मतदान केन्द्र के नाम या एक परिसर के भवन परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव, जीर्ण-शीर्ण भवन के कारण परिसर के ही अन्य भवन में मतदान केन्द्र की स्थापना अथवा भवन उन्नयन के कारण नाम परिवर्तन की कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया। बैठक में गत विधानसभा चुनाव के दौरान निर्धारित मापदण्ड पूर्ण नहीं करने वाले अथवा सुविधाविहीन मतदान केन्द्रों के स्थान पर परिसर में ही नवीन केन्द्र का प्रस्ताव देने के लिए कहा। प्रभारी कलेक्टर द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों की स्थिति की समीक्षा कर अवगत कराया गया




कि 26 दिसम्बर तक निर्वाचन आयोग को मतदान केन्द्र संबंधी अंतिम सूची भेजी जाएगी। इसके पूर्व मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन अथवा एक परिसर के अन्य भवन में मतदान केन्द्र की स्थापना के बारे में अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। सभी राजनैतिक दल के अध्यक्ष से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति, समय-समय पर बीएलओ एवं निर्वाचन के संबंध में आवश्यक फीडबैक से अवगत कराने और चुनाव प्रक्रिया में निरंतर सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक में आयोग के निर्धारित पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार आगामी 6 से 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने तथा 13 एवं 20 जनवरी को विशेष शिविर के संबंध में भी जानकारी दी गई। बीएलओ की सूची का अपडेशन 6 जनवरी के पूर्व करने के संबंध में भी अवगत कराया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित वर्मा सहित एसडीएम अशोक अवस्थी, संयुक्त कलेक्टर के.एस. गौतम और निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित थे।

### नगरीय क्षेत्र पन्ना मे अतिक्रमण हटाने नगर पालिका व यातायात द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही

**पन्ना।** नगरीय क्षेत्र पन्ना में दुकानदारों व शहरवासियों द्वारा शासकीय भूमि एवं सड़कों पर किये जा रहे अतिक्रमण पर अंकुश लगाने हेतु नगर पालिका पन्ना व यातायात पुलिस द्वारा सयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 22.12.2023 को नगर में भ्रमण कर अतिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें कटरा बाजार, सांई मंदिर के पास व बड़ा बाजार में किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। निरंतर चलने वाली कार्यवाही में शेष छूटे हुये स्थलों, बाजारों, गलियों में किये गये शहरवासियों द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के दुकानदारों, ठिलिया पर विक्रय करने वाले व सडकों पर विक्रय करने वाले संचालकों को समझाईस दी गई कि भविष्य में अतिक्रमण किये जाने पर सामग्री जप्त कर जुर्माने की कार्यवाही भी की जावेगी। उक्त कार्यवाही में यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे सहित पुलिस बल व नगर पालिका पन्ना के अतिक्रमण दल के श्री ओम प्रकाश खरे, सहयोगी जीतेन्द्र बालमीक, रवि बालमीक, धीरज सेन, सलमान खान, देवेन्द्र प्रजापति व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# क्रिकेट, कबड्डी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन एवं बालीबॉल जिला प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में हो रही आयोजित

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग 10वी स्कूल स्टेट एजुकेशन डिपार्टमेंट स्पोर्ट्स 2023 अंतर्गत आज जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी प्रतियोगिता दिनांक 22.12.2023 से 23.12.2023 तक आयोजित की जा रही है। जिसमे कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन की प्रतियोगिताओं में जिले के समस्त विकासखंडों से आए कर्मचारियों ने सहभागिता की। आज की क्रिकेट, कबड्डी, एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं छत्रसाल स्टेडियम में और वॉलीबाल की प्रतियोगिता जिला प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में सम्पन्न हुई। जिले से आए समस्त प्रतिभागियों ने अपने अपने खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी संभाग के लिए दावेदारी तय की. 2 संभाग स्तरीय , 1राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद अब पन्ना में अधिकारी/कर्मचारी संभाग स्तरीय क्रिकेट





प्रतियोगिता कराने की मेजबानी भी फिर स्कूल शिक्षा विभाग पन्ना को मिली। जिसमे सागर संभाग के 6 जिले के अधिकारी/कर्मचारी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगे। इसके पहले पन्ना में पहली बार आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का प्री नेशनल कोचिंग कैंप 14वर्ष बालिका भी पन्ना में दिनांक 21.01.2023 से 25.01.2023 लगाया जा रहा है। कैंप के तुरंत बाद टीम पन्ना से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आंध्रप्रदेश (कडापा)के लिए प्रस्थान करेगी। खेलो इंडिया..खेलो एम पी....खेलो पन्ना की तर्ज पर पन्ना जिले में लगातार खेलो के आयोजन हो रहे है। पन्ना जिले से भी अब राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी छात्र/छात्रा चयनित हो रहे है। इसी वर्ष 2023 में रोड साइकिलिंग में हरि नारायण यादव और अभी हाल में ही नेहा साहू ने सागर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता चंद्रपुर(महाराष्ट्र) के लिए चयनित हुई।

**कलेक्टर के निर्देश पर दूसरे दिन भी जारी रही झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही**

# झोलाछाप डॉ. सोनू भटनागर के क्लीनिक को संयुक्त प्रशासनिक टीम ने किया सील




**छतरपुर।** जिले के कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बाद से संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को जिले के सबसे बड़े झोलाछाप अनगौर डॉक्टर सोनू भटनागर के अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पर छापा मारा। संयुक्त टीम में विजय द्विवेदी एसडीएम, अभिनव शर्मा तहसीलदार बिजावर और सटई बीएमओ डॉक्टर आशीष चौरसिया ने सोनू भटनागर के अस्पताल प्रांगण में दर्जनों मरीजों को भर्ती पाया गया। साथ ही अस्पताल संचालन संबंधी कोई भी दस्तावेज झोलाछाप डॉक्टर के पास मौके पर मौजूद नहीं मिले। कलेक्टर द्वारा जिस तरह झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जा रही है, उससे लगता है कि अब जिले में से झोलाछाप डॉक्टरों का सफाया हो जाएगा।



वर्तमान सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी के कार्यकाल में जिले की हर गली मोहल्ले में कुकुरमुत्ता की तरह अवैध क्लीनिक खोलकर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे डॉक्टर। कलेक्टर संदीप जीआर की कार्रवाइयों को लेकर जिले में हड़कंप मचा हुआ है। कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा जिले के समस्त राजस्व अधिकारी, पुलिस एसडीओपी के अलावा क्षेत्रीय बीएमओ को गठित कर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को जिले के सबसे बड़े झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर अनगौर के अवैध रूप से संचालित अस्पताल पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान संयुक्त टीम को भटनागर के फर्जी अस्पताल में सैकड़ों बाहर के मरीज भर्ती पाए गए। प्रशासन की टीम द्वारा जब झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर से अस्पताल संचालन संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। प्रशासन की टीम द्वारा झोलाछाप डॉक्टर को 29 दिसंबर तक समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर झोलाछाप डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

### विधायक की दोस्त और पत्रकारता की आड़ में चल रहा था इलाज का गोरख धंधा

अनगौर निवासी झोलाछाप डॉक्टरों में सोनू भटनागर एक जाना पहचाना नाम है, जो खुद को बिजावर विधायक राजेश बबलू शुक्ला का करीबी बताता है। इतना ही नहीं अपने गोरख धंधे को आड के लिए वह पत्रकारिता का भी सहारा लिए हुए हैं। जब भी कोई अधिकारी डॉक्टर सोनू भटनागर के पास जाता था, तो हमेशा वह विधायक की या फिर पत्रकारिता की धोष दिखाकर भगा देता था, लेकिन कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा बिना किसी भेदभाव और दबाव के जिस तरह झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर के खिलाफ कार्यवाही की गई है। उसे देखकर लगता है कि अब झोलाछाप डॉक्टरों की खैर नहीं है।



### इनका कहना है -

गलत काम कर रहे किसी भी व्यक्ति या झोलाछाप डॉक्टर से मेरा कोई ताल्लुक नहीं है। प्रशासन द्वारा जो कार्यवाही की गई है, वह सही है। सभी झोलाछापों डॉक्टरों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**राजेश, बब्लू शुक्ला**
**भाजपा विधायक,**
**बिजाबर विधानसभा**

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गयी

**छतरपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के पूर्व शासकीय अवकाश होने के कारण शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। इसके पूर्व उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं जिले के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल व रामनिवास चौधरी और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने ग्राम ऊजरा एवं कुर्राहा में राजस्व संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया



**छतरपुर।** अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया ने तहसील महाराजपुर के ग्राम ऊजरा एवं कुर्राहा में पीएम किसान सम्मान निधि, एनपीसीआई, ई-केवायसी, फौती नामांतरण, स्वामित्व योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारी के संबंध में ग्रामीणजनों से चर्चा की। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि पटवारी आते हैं तथा काम करते है। गांव में फौती, नामांतरण का कोई प्रकरण शेष नहीं है। सभी काम मौके पर हो जाते हैं। अपर कलेक्टर ने विद्यालय का भी निरीक्षण किया और मिड-डे मील के विषय में छात्रों से पूछा। स्कूल में मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित रूप से संचालित पाया गया। बच्चों को मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन दिया जा रहा है।

### 26 को होगा निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**छतरपुर।** नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन बेटी कनिका गुप्ता के जन्म दिवस के अवसर पर पिता बब्बू गुप्ता के सहयोग से आने वाले 26 दिसंबर दिन मंगलवार को किया जा रहा है। शिविर में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा एवं उन्हें चश्मा और दवा भी वितरित की जाएगी। परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। हनुमान टोरिया सेवा समिति ने नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों से आग्रह किया है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपनी आंखों का इलाज कराकर शिविर का लाभ लें।

### घर में रखा सिलेण्डर हुआ ब्लास्ट



**छतरपुर।** खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम जटकरा में शुक्रवार को घरेलू गैस सिलेण्डर के ब्लास्ट होने से अहिरवार दंपत्ति घायल हुए हैं। इसके साथ ही घायलों का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घायलों को जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जटकरा निवासी बबलू पुत्र हरप्रसाद अहिरवार उम्र 32 वर्ष उसकी पत्नी रामरति अहिरवार उम्र 28 वर्ष शुक्रवार को घर में ही थे। रामरति घर में खाना बना रही थी तभी गैस सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के बाद पूरे घर में आग लग गई और घर के दोनों कमरे क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में हरप्रसाद अहिरवार और रामरति दोनों घायल हो गए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खजुराहो के अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में घायल दपंत्ति का इलाज किया जा रहा है।

## खजुराहो फिल्म महोत्सव से खजुराहो को मिली नई पहचान: गुलशन ग्रोवर

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी में चल रहे नौवें अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो फिल्म महोत्सव की छठवीं शाम का आकर्षण हिंदी फिल्मों के सुप्रसिद्ध खलनायक गुलशन ग्रोवर रहे। मंच से जब गुलशन ग्रोवर ने अपने सुपरहिट डायलॉग बोले तो पूरा परिसर तालियां बजाते हुए उनके अभिनय की सराहना करने लगा। छठवीं शाम गुलशन ग्रोवर को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे थे, जिन्होंने मंच से उतरने के बाद गुलशन ग्रोवर को ऑटोग्राफ लेकर उनके साथ फोटो खिंचवाई। उल्लेखनीय है कि खजुराहो के पाहिल वाटिका परिसर में मुक्ताकाशी मंच पर चल रहे खजुराहो फिल्म महोत्सव की छठवीं शाम राजस्थानी नृत्य घूमर और मुम्बई से आये क्रेजी ग्रुप के कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति दी। वहीं सैकड़ों फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभा चुके जाने-माने कलाकार गुलशन ग्रोवर ने उपस्थित होकर डायलॉग बोले। आयोजन की सराहना करते हुए गुलशन ग्रोवर ने कहा खजुराहो फिल्म फेस्टिवल आने वाले समय में और भी आगे जाएगा और इस महोत्सव से खजुराहो को नई पहचान मिलेगी। चूंकि इस वर्ष का अयोजन मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित है और गुलशन ग्रोवर ने कई फिल्मों में उनके साथ किया है इसलिए अपनी यादों को साझा करते हुए गुलशन ने कहा कि श्रीदेवी एक परिपक्व कलाकार थीं, उनके साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखने का अवसर उन्हें मिला। इस मौके पर लेखक और निर्देशक अमित राय, सोनाली अग्रवाल, संजय सिंह सहित अन्य कलाकार बतौर अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से सुष्मिता मुखर्जी ने शॉल-श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## छतरपुर जिले में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती केम्प का आयोजन संपन्न



**छतरपुर।** जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तपस्या परिहार के निर्देशानुसार एवं मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला छतरपुर के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने सुरक्षा जवान भर्ती कैंप आयोजित किया जा रहा है। जिसमे जनपद पंचायत लवकुशनगर में भर्ती कैम्प आयोजन किया गया। जिसमें 45 युवाओं ने पंजीयन कराया जिसमे जीडीएक्स के भर्ती अधिकारी राजेन्द्र सरगरा ने 10 युवाओं का सलेक्शन किया। यह कैम्प जनपद सीईओ डॉ. हरीश केशरवानी एवं आजीविका मिशन के डीएम स्कील अखिलेश प्रजापति एवं अनिल द्विवेदी, कपिल जोशी के सहयोग से सम्पन्न हुआ। अब 26-12-2023 जनपद पंचायत नोगाव, 27-12-2023 जनपद पंचायत राजनगर, 28-12-2023 जनपद पंचायत गौरीहार, 29-12-2023 जनपद पंचायत बड़ामलहरा, 01-01-2024 जनपद पंचायत बिजावर, 02-01-2024 जनपद पंचायत वकस्वाहा, 03-01-2024 जनपद पंचायत छतरपुर में प्रातः11 बजे से 4 बजे तक कैम्प आयोजित किया जाएगा। चयनित युवाओं को जीडीएक्स ट्रेनिंग सेंटर परीचौक नोएडा में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र इंदौर, पीथमपुर, भोपाल, देवास, अनूपपुर में 14000 से 18000 तक के वेतन पर परमानेंट नौकरी एवं पीएफ ,पेंशन, बीमा, मेडिकल, सालाना वेतनवर्दी, प्रमोशन, आवास एवं मेस आदि सुविधाएं दि जाएगी।

## देश की सेवा से कम नहीं रक्तदान



**आर्मी के जवान ने कैंसर पीड़िता के लिए किया रक्तदान**

**छतरपुर।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया की जिला अस्पताल में भर्ती कैंसर की महिला मरीज का डायलिसिस होना था और इसके लिए रक्त की आवश्यकता थी। परिजनों ने आपाजी ब्लड ग्रुप से सहयोग मांगा जिसके बाद ग्रुप के प्रयास से सेना (आर्मी) के जवान अरविंद शुक्ला ने रक्तदान करते हुए परेशान परिवार की मदद की। इस मौके पर जवान श्री शुक्ला ने कहा कि सीमा पर देश की रक्षा करने की तरह किसी मरीज के लिए रक्तदान करना भी देश सेवा करने जैसा ही है। उन्होंने बताया कि वे नियमित रक्तदान करते हैं और हर युवा से अपील है कि वे भी रक्तदान करें। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. श्वेता गर्ग ने अरविंद शुक्ला के पुनीत कार्य की सराहना की। वहीं महिला के परिजनों ने भी उनका आभार जताया। रक्तदान में सत्यम तिवारी और दिनेश यादव ने विशेष सहयोग किया।

## षडयंत्र के तहत दूसरे व्यक्ति की जमीन हड़पने वाले आरोपियों को पांच-पांच वर्ष का कारावास

**छतरपुर।** षडयंत्र कर दूसरे व्यक्ति की जमीन हड़पने के मामले में विशेष न्यायाधीश (एस.सी.एस.टी. एक्ट) जिला छतरपुर उपेन्द्र प्रताप सिंह के न्यायालय ने आरोपीगण को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2500-2500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी भुवानीदीन अहिरवार ने दिनांक 4.3.16 को एक लिखित आवेदन पत्र दिया था, कि उसका भाई लखन अहिरवार 15-16 साल से लापता है, उसके नाम की भूमि खसरा नं0 46, 47, 48 क्रमशः रकवा 729, 825, 425 कुल रकवा 1.979 हैक्टेयर में से 1/3 हिस्सा संजय मिश्रा निवासी बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर एवं राजू मिश्रा नि0 पिपट एवं त्रिलोक सिंह चंदेल नि0 छिरावल ने षडयंत्र रचकर किसी फर्जी व्यक्ति को लखन अहिरवार बनाकर उसके हिस्से की कीमती जमीन संजय मिश्रा ने अपने नाम करा ली है। आवेदन पत्र जांच में लेकर कथन लिये गये जिसमें पाया कि लखन अहिरवार 15 साल से लापता है। संजय मिश्रा ने अपने कथनो पर बताया कि कैलाश सिंह एवं त्रिलोक सिंह एक व्यक्ति को लेकर उसके पास आये थे और बताया था कि यह लखन अहिरवार ललौनी का है जमीन बेच रहा है मै उस व्यक्ति को नही जानता था कैलाश सिंह एवं त्रिलोक सिह को जानता था। दौरान जांच ग्राम ललोनी में पंचनामा बनाया कि 15 साल से लखन अहिरवार नि0 ललौनी लापता है। सम्पूर्ण जांच पर पाया गया कि संजय मिश्रा पिता चंद्रशेखर मिश्रा नि0 बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर, राजू मिश्रा, त्रिलोक सिंह, कैलाश सिसोदिया नि0 ललौनी ने पंडयंत्र रचकर लखन अहिरवार की जगह अन्य व्यक्ति की फोटो चस्पा, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाया था एवं कैलाश सिंह सिसोदिया ने सहकारी मर्या0 बैक मे लखन अहिरवार के नाम से किसी अन्य व्यक्ति के नाम से फर्जी खाता खुलवाया था एवं अभियुक्त राजेश उर्फ राधे पाल ने स्वयं को लखन अहिरवार के रूप में प्रस्तुत कर प्रतिरूपण द्वारा छल कारित किया था। शहर से लगी ग्राम ललौनी की कीमती जमीन कूटरचित दस्तावेज तैयार कर संजय मिश्रा ने अपने नाम करा ली है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अजाक जिला छतरपुर में मामला पंजीबंद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध धारा 420,467,468,471 ताहि0 3(1)(च)(छ) व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट का अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन की ओर से डीपीओ प्रवेश कुमार अहिरवार ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश (एस0सी0एस0टी एक्ट) जिला छतरपुर श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के न्यायालय ने आरोपीगण कैलाश सिंह सिसोदिया, राजेश पाल, त्रिलोक सिंह, संजय मिश्रा एवं राजू मिश्रा को धारा 467/120बी भादवि के अपराध में 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,000 रूपये के अर्थदण्ड, धारा 468/120बी भादवि के अपराध में 02 वर्ष के सश्रम कारावास 500 रूपये के अर्थदण्ड से, धारा 471 भादवि के अपराध में 05 व 1000 रूपये अर्थदण्ड से एवं धारा 419/120बी भादवि के अपराध में 01 वर्ष के सश्रम कारावास 1,000 रूपये के अर्थदण्ड वर्ष के सश्रम कारावास 1,000 रूपये के अर्थदण्ड दण्डित किया है।

**वीसी से कलेक्टर ने की धान उपार्जन कार्य की समीक्षा**

## परिवहन कार्य में तेजी लाने दिये निर्देश डी.एम. नान को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के हित को सदैव सर्वोपरि रखा जाये। किसानों को होने वाली असुविधा पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जायेगा। कलेक्टर अवि प्रसाद ने यह निर्देश गत शाम वीडियो कान्फ्रेंसिंग से धान उपार्जन कार्य की वर्चुअली समीक्षा के दौरान दिये।

### जिला प्रबंधक को नोटिस जारी

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की समय पर आपूर्ति न होने और परिवहन कार्य में सुस्ती पर गहन नाराजगी जाहिर करते हुए मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक के कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही परिवहन में विलंब तथा स्वीकृति पत्रक जारी न होने पर समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये हैं। अभी की स्थिति में कुल धान खरीदी 73 हजार 968 मेट्रिक टन धान के विरूद्ध मात्र 33 हजार 853 मेट्रिक टन अर्थात 46 प्रतिशत धान ही परिवहन होने पर कलेक्टर ने गहन असंतोष जताया। वहीं स्वीकृति पत्रक की मात्रा केवल 9123 मेट्रिक टन है, जो कुल खरीदी की मात्र 12 फीसदी है। जिससे कृषकों के भुगतान में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

### कम प्रगति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान क्षतिग्रस्त मिले बारदानों को बदलकर नये बारदाने उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने और सभी उपार्जन केन्द्रों में थ्रेसर, ग्रेडर, छन्ना, तिरपाल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने समितियों से त्रि-पक्षीय अनुबंध की स्थिति और स्वीकृति पत्रक के मामले में अल्प प्रगति पर गहन नाराजगी जताया। उन्होंने इन सभी बिन्दुओं पर ध्यान देकर वांछित प्रगति लाने की हिदायत दी।

### इन्हें भी जारी होगा नोटिस

कलेक्टर ने कहा कि किसानों से सीधे जुड़े उपार्जन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लचर, रवैया रखने और कोताही बरतने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। कठोर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, म.प्र वेयर हाउस कारपोरेशन के.जी.एम. योगेन्द्र सिंह सेगर और जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि खराब मौसम और बारिश की संभावना के मद्देनजर उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षा हेतु तिरपाल आदि के पुख्ता प्रबंध करें। ताकि उपार्जित धान खराब नहीं होने पाये। उन्होंने परिवहन की मंथर गति पर नाराजगी जाहिर किया और तत्काल इस कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। समीक्षा के दौरान जिला उपार्जन समिति के सभी अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।




## छात्राओं ने सीखा नवजात शिशु की देखभाल का तरीका

**छतरपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के तहत शुक्रवार को शहर के शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय में छात्राओं को नवजात शिशु की देखभाल का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सीनियर पीडियाट्रिशियन एवं सीनियर आईएमए मेंबर डॉ. एके रावत ने नवजात शिशु की देखभाल में छात्राओं एवं उनके परिवार की क्या भूमिका हो सकती है, इस पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही नवजात शिशु की देखभाल के तरीकों के बारे में भी बताया। वहीं आईएमए के सचिव डॉ. ऋषि द्विवेदी ने नवजात शिशुओं को होने वाली बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे में बताया। एसएनसीयू सिस्टर इंचार्ज श्रीमती शगुन नायक ने मां के दूध के महत्व एवं स्तनपान के तरीके बताए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एलएल कोरी, अध्यापक एवं अध्यापिका तथा छात्राऐं उपस्थित रहीं।

### लापरवाही करने पर दो कर्मियों को नोटिस जारी

**कटनी।** निर्वाचन कार्य की तैयारी हेतु स्थानीय निर्वाचन निर्वाचन शाखा मे चुनाव की गतिविधियों को समय-सीमा मे कराये जाने हेतु जारी आदेश की अवहेलना तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतनें पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला आयुष कार्यालय के भृत्य मुकेश कुमार बर्मन एवं जनपद पंचायत कटनी के कम्प्यूटर ऑपरेटर जे.पी.परौहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में संबंधित कर्मचारियों को जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब तीन दिवस के अंदर प्रस्तुत करना होगा। जवाब संतोषजनक नही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। जिसके जवाबदार वे स्वयं होंगे।

